छत्तीसगढ़ के अप्रवासी भारतीयों और प्रदेश की कला-संस्कृति व साहित्य को सँजोने हेतु एन.आर.आई. सेल का गठन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न देशों में निवासरत् छत्तीसगढ़ के अप्रवासी भारतीयों को एकसूत्र में जोड़ने तथा प्रदेश की कला-संस्कृति एवं साहित्य को सँजोए रखने के लिये एन.आर.आई. सेल का गठन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय मूल के कोरबा निवासी पल्लव शाह को एन.आर.आई. सेल का समन्वयक मनोनीत किया गया है। वे वर्तमान में बोस्टन (एम.ए.), यूएसए में निवासरत् हैं।
- एन.आर.आई. सेल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति एवं साहित्य को सँजोए रखने के साथ-साथ उनका व्यापक प्रचार-प्रसार तथा अप्रवासी भारतीयों के साथ जीवंत संपर्क बनाए रखने एवं राज्य की प्रगति के लिये ऐसे अप्रवासी भारतीयों से सुझाव-सूचनाएँ प्राप्त करने तथा उनके क्रियान्वयन करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/formation-nri-cell